**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**व्यय विभाग**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या – 4041**

***सोमवार, 28 मार्च, 2022/7 चैत्र, 1944 (शक)***

**केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के तहत निधि**

**4041. श्री अशोक कुमार यादव**
**श्री बी.बी. पाटील**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न केंद्रीय क्षेत्र योजना और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत बिहार विशेषरूप से मधुबनी जिले के लिए आवंटित और वर्तमान में उपयोग की जाने वाली निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) आवंटित निधि में से बिहार विशेषरूप से मधुबनी जिले के लिए उपयोग की गई निधि का प्रतिशत कितना है;

(ग) क्या उपयोग की गई निधि आवंटित निधि से कम है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या उक्त कारणों की समीक्षा करके भविष्य में निधि का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कोई आदेश जारी किया गया है; और

(ङ) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार ने केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के लिए तेलंगाना राज्य को भी निधि जारी की है और यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) से (घ): केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के तहत निधियां जारी की जाती हैं। वित्त मंत्रालय द्वारा विभिन्न स्कीमों के तहत निधियों के आवंटन तथा समग्र रूप से स्कीम के तहत जारी कुल धनराशि/व्यय को छोड़कर विभिन्न केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के तहत निधियों के आवंटन तथा जारी की गई धनराशि से संबंधित जिला-वार अथवा राज्य-वार आंकड़े अनुरक्षित नहीं किए जाते हैं। संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा स्कीमों का कार्यान्वयन स्कीम की रूपरेखा के अनुसार अनुमोदित वित्तीय परिव्यय की सीमा में किया जाता है। तथापि लोक वित्त प्रबंधन प्रणाली के अनुसार बिहार राज्य को केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए (23.03.2022 की स्थिति के अनुसार) 17,176.64 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है।

(ङ): लोक वित्त प्रबंधन प्रणाली के अनुसार, तेलंगाना राज्य सरकार को पिछले तीन वर्षों के दौरान केंद्र प्रायोजित स्कीमों के तहत जारी की गई धनराशि का ब्यौरा इस प्रकार है:

**(करोड़ रुपए में)**

| 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 |
|---|---|---|
| 11,844.53 | 12,200.60 | 14,414.21 |

*******